# सांवरे तू मेरी जान | by Kapil Ladli

जबसे लागी लगन
हर घडी रहता है मन मगन
तुझको देखे बिना चैन पाए ना मेरे नयन
तुझको देखूं तो होंठों पे आती है मुस्कान
सांवरे तू बन गया है मेरी जान

मेरे दिल में एक तेरी ही तस्वीर है
तू ही ज़िन्दगी है तू ही तक़दीर है
बिन तेरे कुछ नज़र अब तो आता नहीं
तेरे बिन कुछ भी मुझको अब भाता नहीं
श्याम श्याम रटती हैं हर घडी मेरी ये जुबां
सांवरे तू बन गया है मेरी जान

रूठ जाए जितना चाहे ज़माना सांवरे
तू मगर मुझसे ना रूठ जाना सांवरे
तू साथ है तो बाबा क्या बात है
तनव सिंह को बस तुझपे ही विश्वास है
कपिल लाड़ली करती रहेगी तेरा गुणगान
सांवरे तू बन गया है मेरी जान

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-kapil-ladli/